राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 'यूथ फॉर नेशन' की राजस्थान इकाई का उद्घाटन किया

देश की सुरक्षा, शासन और कल्याण में युवाओं की भागीदारी बढ़े

युवा राष्ट्र के नव निर्माण के संवाहक बनें— राज्यपाल

जयपुर, 9 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि संविधान सर्वोच्च है। यह हमें अधिकार देता है तो कर्तव्य पालन की सीख से भी जोड़ता है। उन्होंने 'यूथ फॉर नेशन' संगठन से संविधान—संस्कृति के आलोक में राष्ट्र के नव निर्माण का संवाहक बनने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है और देश की सुरक्षा, शासन और कल्याण में युवाओं को संकल्पबद्ध होकर भागीदारी बढ़ानी चाहिए।

श्री मिश्र मंगलवार को महात्मा गांधी मेडिकल साईंस एण्ड टेक्नोलोजी यूनिवर्सिटी सभागार में 'यूथ फॉर नेशन' संगठन की राजस्थान इकाई के उद्घाटन समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि राजस्थान में इस संगठन की शुरुआत से यहां के युवाओं को बेहतर ढंग से नियोजित कर उनकी ऊर्जा का राष्ट्र निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकेगा। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे में युवाओं को महती भूमिका निभाने के साथ 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए भी कार्य करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि भारत एक जीवंत और सहभागी संघीय लोकतंत्र के रूप में तभी अधिक सुदृढ हो सकेगा, जब युवा राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से काम करेंगें। उन्होंने लोकतंत्र के सशक्तिकरण मे युवाओं को आगे आकर पहल करने तथा अधिकारों के साथ संविधान प्रदत्त कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि भारत की सकल राष्ट्रीय आय—जीडीपी में लगभग 34 प्रतिशत योगदान युवाओं का है। उन्होंने कहा कि इस वर्ग की भागीदारी सकल राष्ट्रीय आय और उत्पादकता बढ़ाने में और कैसे बढ़े, इस पर हमें विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी समाज की वर्तमान स्थिति को नवीनीकृत और ताजा बनाए रखने के साथ राष्ट्र के संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में कार्य करें।

उन्होंने कहा कि भारत में लगभग 260 मिलियन युवा हैं। इनमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हैं। लगभग 10 से 12 मिलियन युवा हर साल कार्य करने के योग्य होकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी करने के योग्य हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसका अर्थ है—राष्ट्रीय आर्थिक विकास में युवाओं की बहुत बड़ी संभावनाएं निहित है। उन्होंने 'यूथ फॉर नेशन' जैसे संगठनों को आगे आकर राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए नियोजित ढंग से युवाओं को कार्य करने के लिए प्रेरित किए जाने पर जोर दिया।

'यूथ फॉर नेशन' के अध्यक्ष पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ.एस. पी. माथुर ने संगठन से जुड़े उद्देश्यों और भविष्य के कार्यों के बारे में जानकारी दी।

श्री मिश्र ने आरंभ में 'यूथ फॉर नेशन' संगठन के राजस्थान चेप्टर का उद्घाटन करते हुए युवाओं को संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया।

———

राज्यपाल से पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री चौबे ने की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 9 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को राजभवन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री अश्विनी चौबे ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

———

Youth4Nation Rajasthan Chapter, Jaipur
राष्ट्रार्थ युवा - राजस्थान, जयपुर
Inauguration
by
Shri Kalraj Mishra Ji
Hon'ble Governor of Rajasthan
On
July 9, 2024, Tuesday
Hosted by
Mahatma Gandhi University of Medical Science & Technology, Sitapura, Jaipur

Youth4Nation Rajasthan Chapter, Jaipur
राष्ट्रार्थ युवा - राजस्थान, जयपुर
Inauguration
by
Shri Kalraj Mishra Ji
Hon'ble Governor of Rajasthan
On
July 9, 2024, Tuesday
Hosted by
Mahatma Gandhi University of Medical Science & Technology, Sitapura, Jaipur

Youth4Nation Rajasthan Chapter, Jaipur
Inauguration